DAV

STUDENTS' WORLD

March-April, 2015



DAV News

आर्यसमाज के मूल्यों को छात्रों एवं अभिभावकों में पहुँचाने हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी **अरविंद गुप्ता डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मुखर्जी नगर, दिल्ली** में आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया गया। इस पावन अवसर पर संपूर्ण वैदिक मन्त्रोच्चारण द्वारा हवन किया गया। जिसमें नर्सरी विभाग के छात्र-छात्राओं, अध्यापिकाओं, पर्यवेक्षिका श्रीमती सोनू साहनी प्रधानाचार्या श्रीमती माला सूद तथा अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय द्वारा आमंत्रित लेडी इर्विन कॉलेज में कार्यरत आहार विज्ञ श्रीमती दीपिका ने छात्रों के लिए स्वस्थ जीवन शैली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों के लिए आर्य-समाज के नियम व मन्त्रोच्चारण पर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।